# जय गणेश तेरी रखो लाज मेरी | By Prakash Chauhan

जय गणेश तेरी रखो लाज मेरी
जयकार करूँ गणराज तेरी
भक्तों को वरदान हैं देते
तेरी जय जय गणपत देवा
करो बेडा पार देवा
भगत करे तेरी सेवा

हे गणपत तेरे दर्शन को
नित ही मंदिर आऊं
खुशहाल करो मेरे जीवन को
तुम्हे लड्डू भोग चढ़ाऊँ
करदे मेरा उद्धार तू देवा
करदो बेडा पार देवा
करो बेडा पार देवा
भगत करे तेरी सेवा

रिद्धि सिद्धि के स्वामी तुम
चमत्कार दिखलाओ
हो गणनायक अन्तर्यामी
सारे विघ्न मिटाओ
देवगणो को भय से बचाते
नमन करे संसार देवा
करो बेडा पार देवा
भगत करे तेरी सेवा

गौरी नंदन शंकर केसुवन
तुमको शीश नवाऊँ
प्रभु दो दर्शन मैं तेरी शरण
तेरे ही मैं गुण गाऊं
बिगड़ी सबकी आप बनाते
सुखी करो घर बार देवा
करो बेडा पार देवा
भगत करे तेरी सेवा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a4%af-%e0%a4%97%e0%a4%a3%e0%a5%87%e0%a4%b6-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%b0%e0%a4%96%e0%a5%8b-%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%9c-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-by-prakash-c/